newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - १९ | २९ मई से ४ जून २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## शिक्षा ही जीवन का मुख्य आधार

यदि किसी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का अभाव है तो उसका जीवन पशु तुल्य हो जाता है आज के इस वैज्ञानिक युग में हर एक इंसान दूसरे इंसान को लूटना चाहता है यदि इस समय कोई भी व्यक्ति दुनिया से, बाजार से ,पैसे के लेनदेन से हमेशा सतर्क रहना जरूरी है , और सतर्क रहने के लिए हमारी समझ एवं सोच का विकास मात्र शिक्षा से ही संभव है , बिना शिक्षा के एक व्यक्ति , दूसरे व्यक्ति द्वारा किसी ना किसी तरह से लूट लिया जाता है , आज बाजार में बहुत फ्रॉड हो रहे है. हमें अपनी आवश्यकता की वस्तुओं को , दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को , बाजार से खरीदना ही पडत़ा है अर्थात पैसा और वस्तु का लेनदेन करना ही पडत़ा है क्योंकि आज प्रत्येक परिवार चाहे वह गरीब हो या अमीर हो या गांव में हो या अन्यत्र कही भी रह रहा हो, उसे हमेशा कुछ न कुछ बाजार से लेनदेन करना ही पड़ता है ,यदि एक गरीब और अनपढ.इंसान है तो उसकी मुश्किलें और बढ.जाती है क्योंकि उसको अपनी मज़दूरी का सही-सही हिसाब भी करना उन्हें नहीं आएगा यदि उसे शिक्षा की कमी है. यदि इंसान अशिक्षित है तो वह केवल मेहनत मज़दूरी ही कर पाएगा. उसे कंप्यूटर ज्ञान , मोबाइल ज्ञान या अन्य बाजार का ज्ञान , उसे सही-सही प्राप्त नहीं होगा. उसे लोगों से पूछ पूछ कर , अपना काम करना होगा. वह व्यक्ति बार-बार अपने काम में अटकता नजर आएगा, क्योंकि उसे शिक्षा का अभाव है, इसी प्रकार शिक्षा में इंसान को स्वस्थ रखने में भी मदद करती है . एक शिक्षित व्यक्ति यह अच्छी तरह से समझ पाएगा की गंदगी , कचरा या अशुद्ध वातावरण आसपास होने से व्यक्ति जल्दी बीमार पडत़ा है . एक शिक्षित व्यक्ति बीमार होने पर डॉक्टर का इलाज सही ढंग से ले पाएगा , वरना उसे स्वस्थ होने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पडेग़ा , इसी प्रकार हम देखते हैं कि एक शिक्षित व्यक्ति समाज में अंधविश्वास से दूर रहता है , क्योंकि उसमे वैज्ञानिक सोच अथवा वैज्ञानिक दृष्ठिकोण का विकास होता है , इसी कारण से आज हम देखते हैं कि एक अनपढ.आदमी को मजदूरी भी कम दी जाती है जबकि पढे.लिखे व्यक्ति को मजदूरी , अनपढ.की तुलना में अधिक दी जाती है , हालांकि कुछ मायनो में एक अनपढ.और अशिक्षित व्यक्ति , इंसान के साथ अच्छा व्यवहार करेगा बल्कि शिक्षित व्यक्ति इंसान के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करेगा परंतु यदि सही तौर से देखा जाए तो आज के युग में एकमात्र शिक्षा ही ऐसा हथियार है जो इंसान को स्वर्ग की ओर ले जाती है क्योंकि इंसान शिक्षा का उपयोग कर अपने आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक , धार्मिक एवं सांस्कृतिक विकास को कर सकता है , शिक्षा जीवन को सुरक्षित रखने एवं संरक्षित रखने एवं अच्छे जीवन यापन का रास्ता बताने में सहायक है , अत: हमें जीवन में उचित शिक्षा प्राप्त कर संस्कारी जीवन जीना चाहिए.

## समीर वानखेड़े के समर्थन में उतरी सामाजिक संस्था

मुंबई : नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसी बी) के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेडे.के समर्थन में अब मीरा रोड की युवा साहस फाउंडेशन भी आगे आई है. शनिवार को फाउंडेशन के प्रमुख सलाहकार विनायक शेट्टी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे समय में जब देश में ड्रग माफिया काफी सक्रिय है, वानखेडे.जैसे सक्षम और ईमानदार अधिकारी को फंसाया जा रहा है. शेट्टी ने कहा कि उनका फाउंडेशन शीघ्र ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर उनसे इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे. बता दें कि सीबीआई ने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को फायदा पहुंचाने के लिए वानखेड़े पर २५ करोड.रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है. वानखेड़े ने इस आरोप को सिरे से खारिज किया है. उन्होंने कहा है कि सीबीआई के पास अभिनेता से पैसे मांगने का कोई सबूत नहीं है और एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी के इशारे पर उनका पीछा किया जा रहा है. इस बीच, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के नेतृत्व वाली रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भी वानखेडे.को अपना समर्थन दिया है. संगठन ने कहा कि वह वानखेडे.के उत्पीडऩ का मूक दर्शक नहीं रहेगा.

## गांजा की बिक्री करनेवाले आरोपी पुलिस के शिकंजे में

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड. ओडिसा राज्य से मीरा-भायंदर क्षेत्र में बिक्री के लिए लाए गए ४२ किलो गांजा के साथ ३ आरोपियों को काशीमीरा पुलिस और क्राइम ब्रांच काशीमीरा ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है. काशीमीरा पुलिस को मिली सूचना के आधार पर कदम ने क्राइम ब्रांच काशीमीरा के पुलिस निरीक्षक कुमार गौरव धादवड, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रशांत गांगुर्डे की टीम के साथ घोडब़ंदर गांव स्थित बंद पुराने टोल नाका के पास जाल बिछाकर एक ऑटो



रिक्शा में आए . आरोपियों को हिरासत में लिया और ऑटो रिक्शा की तलाशी ली तो उसमें ४ प्लास्टिक बोरे में ४२ किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत ४ लाख २० हजार रुपए बताई गई है. गिरफ्तार आरोपियों के नाम अभिषेक देवीदास वाघ (२५) निवासी दहिसर, अभिषेक जसवंत सिंह (२०) और कुलदीप गुरनाम सिंह (२५) दोनों नायगांव जिला पालघर निवासी हैं. इनके पास से गांजा और ऑटो रिक्शा सहित कुल ४ लाख ७० हजार रुपए मूल्य की सामग्री जप्त की गई है.

## भाजपा का टिकट उनको ही मिलेगा, जो कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई: बीएमसी चुनाव लडऩे की तैयारी कर रहे भारतीय जनता पार्टी के उन कार्यकर्ताओं के लिए बुरी खबर है जो सिर्फ नेताओं की परिक्रमा और होर्डिंग बैनर की पब्लिसिटी के बल पर टिकट की उम्मीद पाले बैठे हैं. सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के बडे.नेताओं में आम सहमति है कि बीएमसी चुनाव में उसे ही टिकट दिया जाना चाहिए जो अपने क्षेत्र में जमीन पर काम कर रहा है. पार्टी की परंपरागत वोटों के अतिरिक्त अपने बल पर कुछ वोट हासिल करने की जो क्षमता रखता है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता वाली शिवसेना में टूट के बावजूद जमीनी स्तर पर आम शिवसैनिक वोटर उसके साथ हैं. मुंबई दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा भले ही यह ऐलान कर दिल्ली चले गए हों कि बीएमसी में अगला महापौर बीजेपी का होगा, लेकिन जमीन पर शिवसेना से मुकाबला आसान नहीं है, इसलिए पार्टी की रणनीति है कि उन्हें ही टिकट दिया जाना चाहिए, जिनमें चुनाव जीतने की क्षमता है. नगर निगम चुनाव में बीजेपी अलग-अलग प्रयोग करती रही है. दिल्ली नगर निगम के चुनाव में एक बार बीजेपी ने सभी मौजूदा पार्षदों के टिकट काट कर यह फार्मूला अपना चुकी है.टिकट दिया जाना चाहिए, जिनमें चुनाव जीतने की क्षमता है. नगर निगम चुनाव में बीजेपी अलग-अलग प्रयोग करती रही है. दिल्ली नगर निगम के चुनाव में एक बार बीजेपी ने सभी मौजूदा पार्षदों के टिकट काट कर यह फार्मूला अपना चुकी है.गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में दिग्गजों का टिकट काटकर नए लोगों को मौका दिया गया. गुजरात में पार्टी का प्रयोग सफल रहा और बडी.जीत हासिल कर सत्ता में वापसी की. मुंबई बीजेपी के एक बडे. पदाधिकारी ने बताया कि हम यह नहीं कह सकते कि सभी का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया जाएगा, लेकिन इतना तय है कि उन्हीं को टिकट मिलेगा, जो कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं. निजी एजेंसियों से कई दौर के सर्वे कराए गए हैं. सर्वे रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के आधे से अधिक नगरसेवक ऐसे हैं, जिनका परफार्मेंस जीत हासिल करने लायक नहीं है. ऐसे नगरसेवकों का टिकट पार्टी काट सकती है.

## मनपा का दावा शहर होगा नीट और क्लीन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। शहर के नागरिकों को अपने घरों के साथ शहर को स्वच्छ रखना आसान होगा। शहरवासी अब अपने घरों के गैर जरूरत की सामग्री को मीरा-भायंदर महानगरपालिका के रिड्यूस रीयूज और रीसाइक्लिग (आरआरआर) सेंटर में जमा करा कर उस से मुक्त हो सकेंगे.। इसके लिए मनपा के सभी ६ प्रभाग में एक-एक आरआरआर केंद्र शुरू किए हैं। गौरतलब हो कि केंद्रीय आवास और नागरिक मामलों के मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर (टीएमडब्ल्यूए) अभियान को ३ सप्ताह तक पूरे राज्य में लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकलिंग सेंटर यानी आरआरआर केंद्र स्थापित करने के निर्देश मनपा आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने दिए हैं। मनपा आयुक्त एवं प्रशासक दिलीप ढोले ने बताया कि मीरा-भायंदर शहर में ६ जगहों पर आरआरआर सेंटर बनाए गए हैं। इस केंद्र में शहर के लोग अपनी बेकार की वस्तुएं दान कर सकते हैं। उन वस्तुओं को जरूरतमंद व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। बाकी सामान को रीसाइक्लिग के लिए भेजा जाएगा। मनपा आयुक्त ने सभी सामाजिक संगठनों, इंटर्न के छात्रों, शहर के समझदार नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है। बता दें कि सरकार ने निर्देश दिया है कि शहर द्वारा स्थायी आधार पर स्थापित सभी केंद्रों का विवरण स्वच्छता पोर्टल के माध्यम से मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर को प्रस्तुत किया जाए। इसके अनुसार यह केंद्र २० मई से ५ जून तक प्रतिदिन सुबह ७ बजे से दोपहर १ बजे तक ६ स्थानों भायंदर पश्चिम में उत्तन चौक, मैक्सस मॉल, भायंदर पूर्व नवघर नाका हनुमान मंदिर, मीरा रोड स्टेशन, आयुक्त बंगले के पास, काशीमीरा पुल के नीचे शुरू किए जायेंगे। इस बारे में मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने कहा, स्वच्छ सुंदर मीरा-भायंदर के मिशन पर मनपा कार्य कर रही है। मीरा-भायंदर शहर में ६ जगहों पर आरआरआर सेंटर बनाए गए हैं। इस केंद्र में शहर के लोग अपनी बेकार की वस्तुएं दान कर सकते हैं। उन वस्तुओं को जरूरतमंद व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। बाकी सामान को रीसाइक्लिग के लिए भेजा जाएगा। मनपा आयुक्त ने सभी सामाजिक संगठनों, इंटर्न के छात्रों, शहर के समझदार नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने की अपील हम करते हैं।

## मेहता ने किया मोदी की उपलब्धियों का प्रचार और प्रसार



**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मीरा भायंदर भाजपा प्रमुख नेता नरेंद्र मेहता जी के नेतृत्व मे कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुई। अगले जून २०२३ मे मोदी सरकार के ९ वर्ष पूर्ण हो रहें है, और भाजपा पुरे देश मे मोदी जी की उपपलब्धीयों का प्रचार प्रसार मे जुट गयी है। इसी श्रृंखला मे मीरा भायंदर मे भाजपा नेता नरेंद्र मेहता ने लगातार बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। पिछले १५ दिनों मे तीस से ज़्यादा बैठको का नेतृत्व मेहता कर चुकें है। रविवार की बैठक मे मीरा भायन्दर के ढाई से तीन हज़ार भाजपा सक्रिय सदस्य साथ शामिल हुए। आने वाले महीने मे भाजपा के सभी सदस्य मोदी सरकार के कार्यकाल मे प्रदान की गयी सेवा के प्रचार प्रसार मे दीखते नज़र आयेंगे। मीरा भायन्दर मे नरेंद्र मेहता के आवाज देने पर शहर के सबसे बड़े हॉल का भर जाना अपने आप मे नरेंद्र मेहता की शक्ति दर्शाता है। कार्यक्रम मे मेहता ने सभी सदस्यों को आप ही मेरी शक्ति हो केहके धन्यवाद किया।

## सब धर्म को साथ मे लेकर चलनेवाला मोजेस चिनप्पा आज मीरा भाईंदर शहर में न सिर्फ लोगों के दिलों मे जगह बना रहे है.



बल्कि जानवरों का ध्यान भी रखते है. ऐसे महान व्यक्तीमत्व के रुप में उभर रहे है. समाजसेवक में चिन्नप्पा ने सभी को साथ में चलने सिखाया और हर इन्सान की मदत की जो भी उन तक पहुंचा है धर्म, जात, इन्सान, जानवर में कोई फर्क ना करके सभी की हर परिस्थिती में मदद की है

## मीरारोड स्थित शितल नगर में शितल सरोवर बिल्डिंग में रिपेरिंग का काम चालु





मीरारोड स्थित शितल नगर में शितल सरोवर बिल्डिंग में रिपेरिंग का काम शुरु किया गया है. बिल्डिंग के चेयरमैन श्री आशिफ शेख व सेक्रेटरी श्रीमती रंजना कथावटे ने अपनी सुज बुझ से बिल्डिंग की रिपेरिंग का काम चालु कराया है जो कि बहुत समय से नहीं हो रहा था लेकिन चेयरमैन आशिफ शेख की कार्यकुशलता व सेक्रेटरी रंजना कथावटे द्वारा हो रहा है. जिससे बिल्डिंग के रहिवासियों में खुशी की लहर है. बिल्डिंग रिपेरिंग के उद्घाटन में चेयरमैन आसिफ शेख व सेक्रेटरी रंजना कथावटे के हाथों से किया गया. इस अवसर पर बिल्डिंग के सभी रहिवासी मौजुद थे.

# चाय बेचकर बच्चे को बनाया राष्ट्रीय खिलाड़ी


कर्नाटक से मुंबई आए संजीव शेट्टी को जब नौकरी नहीं मिली, तब उन्होंने चेंबूर के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर गार्डन के पास एक छोटा–सा चाय का ठेला शुरू किया। इसी ठेले की कमाई से परिवार का खर्च चलाने लगे। दो बच्चों को पढ़ाया–लिखाया और काबिल बनाया। छोटी बेटी कॉमर्शियल आर्टिस्ट की पढ़ाई कर रही है तो वहीं बड़ा बेटा रोशन



शेट्टी खेल–कूद में अपना नाम रोशन कर रहा है। पिछले साल दिल्ली में संपन्न अंतर्राष्ट्रीय कीक बॉक्सिग प्रतियोगिता में रोशन शेट्टी ने कांस्य पदक जीता था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चाय वाले संजीव शेट्टी ने कई लोगों से मदद मांगकर अपने बेटे रोशन को भेजा था। संजीव शेट्टी का कहना है कि मेरा बेटा रोशन एमपीएससी की तैयारी कर रहा है, एक चायवाले के लिए इससे बड़ी बात क्या होगी। वह चाहते हैं कि बेटा आगे बढ़े। चायवाले का बेटा चायवाला न बने, इसके लिए कर्ज लेकर पढ़ाया। आज भी बच्चों को जो कुछ चाहिए, वह लाकर देते हैं। चाय के ठेले को कई बार बीएमसी वाले उठा ले जाते हैं। ठेले का सामान छुड़ाने के लिए फाइन भरना पड़ता है, साथ ही पूरे दिन का नुकसान हो जाता है। एक दौर ऐसा आया था जब मनपा ने फुटपाथ की दुकानों को बंद करवा दिया था। धंधा–पानी बंद हो जाने से पैसे की तंगी होने लगी थी। संजीव शेट्टी कहते हैं कि बावजूद इसके मैंने कभी हिम्मत नहीं हारी। चाहे कितना भी संघर्ष क्यों न करना पडे, मैं अपने बेटे को नंबर वन खिलाड़ी बनाकर रहूंगा। फिलहाल, संजीव शेट्टी की तबीयत खराब चल रही है। बच्चे उन्हें दुकान जाने से मना करते हैं, फिर भी वह दुकान पर नियमित रूप से पहुंचते हैं। वह कहते हैं कि इस दुकान ने मुझे बहुत कुछ दिया है, इसलिए मैं इसे छोड़ नहीं सकता। बच्चे जीवन में यदि कुछ बन जाते हैं, तब देखा जाएगा। वे कहते हैं कि बच्चों को लायक बनाने के लिए मरते दम तक मेहनत करते रहेंगे। जब तक उनके बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, तब तक वे चाय की दुकान चलाते रहेंगे। बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित और सहयोग करते रहेंगे। उसी दौरान संजीव शेट्टी के बेटे का चयन अंतरराष्ट्रीय कीक बॉक्सिग प्रतियोगिता के लिए हुआ। लिस्ट में बेटे का नाम आने की खुशी तो थी, लेकिन वहां के लिए ड्रेस और अन्य खर्चे के लिए इनके पास पैसे नहीं थे, तब संजीव ने कुछ नेता व समाजसेवियों से मदद की गुहार लगाई। लोगों ने इनकी हर ढंग से मदद की।

# टेनिस का नया सुल्तान

लीजिए बड़े दिनों बाद टेनिस के स्टार खिलाड़ियो का नाम खिसका है। कई दशकों तक तो सैम्प्रास, फेडरर, नडाल और अब जेकोविच का ही नाम गूंजता रहा है, मगर अब नया सुल्तान मिल गया है। जी हां,



कार्लोस अल्कारेज नवीनतम एटीपी रैंकिंग में नोवाक जोकोविच को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं, जिससे उन्हें प्रैंच ओपन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। इटैलियन ओपन का खिताब जीतने वाले दानिल मेदवेदेव नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। रोम में गत चैंपियन के रूप में उतरे जोकोविच को चौथे दौर में हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रविवार से शुरू हो रहे प्रैंच ओपन के साथ पहली बार स्पेन के अल्कारेज को किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता मिलेगी। वह इस महीने २० बरस के हो जाएंगे। उन्होंने २०२३ में ३० मुकाबलों में जीत दर्ज की है जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# थॉमस पर बैन

क्रिकेट की दुनिया में एकबार फिर बैन की आवाज गूंजी और इसमें कैरेबियन खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगाया गया। फिक्सिग मामले की आग थमी नहीं है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) २०२१ में कथित तौर पर मैच फिक्स करने की साजिश रचने और उसी साल दो अन्य फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों में भ्रष्ठाचार में लिप्त होने के आरोप में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज डेवोन थॉमस को निलंबित कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए आखिरी बार अगस्त २०२२ में खेलने वाले थॉमस पर आईसीसी की भ्रष्ठाचार निरोधक संहिता के तहत सात आरोप लगाए गए हैं। वह दुबई में यूएई के खिलाफ आगामी वनडे शृंखला के लिए टीम में चुने गए थे।

# भूत भगाने के लिए तांत्रिक की पिटाई से लड़के की मौत

मुंबई : महाराष्ट्र के सांगली जिले में कथित रूप से एक तांत्रिक की जबरदस्त पिटाई के कारण १४ साल के बीमार लडक़े की मौत हो गई। तांत्रिक का दावा था कि लडक़ा किसी के वश में था। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के कवठे महांकाल में रहने वाले आर्यन दीपक लांडगे की २० मई को मौत हो गई थी, लेकिन अंधविश्वास विरोधी कार्यकर्ताओं के पुलिस से संपर्क करने के बाद यह घटना सामने आई। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के कार्यकर्ताओं की शिकायत के अनुसार, लांडगे को कई दिनों से बुखार था और इलाज के बावजूद उसे कोई राहत नहीं मिल रही थी। अधिकारी ने कहा कि उसका परिवार उसे पडोसी कर्नाटक के शिरगुर में एक मांत्रिक (तांत्रिक) अप्पासाहेब कांबले के पास ले गया। कांबले ने दावा किया कि लडक़े पर भूत का साया है और भूत को भगाने के लिए उसे लांडगे की पिटाई करनी होगी। अधिकारी ने कहा कि पिटाई के कारण लडक़ा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद उसके परिवार के लोग उसे शिरगुर से करीब ४० किलोमीटर दूर सांगली जिले में मिराज के एक अस्पताल ले गए। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। लांडगे की मौत की खबर जानकर अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के कार्यकर्ताओं ने लडक़े के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और फिर कवठे महांकाल थाने में सहायक पुलिस निरीक्षक जितेंद्र शाहणे से मिलकर शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने कहा कि कर्नाटक में कोई अंधविश्वास विरोधी कानून नहीं है, इसलिए पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा ३०४ (लापरवाही से मौत) के तहत शून्य प्राथमिकी दर्ज की। शून्य प्राथमिकी किसी भी क्षेत्र की पुलिस को एक शिकायत स्वीकार करने और कार्रवाई के लिए उपयुक्त थाने को भेजने की अनुमति देती है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच अब कर्नाटक पुलिस करेगी।

# मुंबईकरों के लिए मात्र एक महीने का पानी ही शेष

मुंबई, मुंबई व आस–पास क्षेत्र में गर्मी की तपन चरम पर है। पानी की खपत बढ.गई है, तो वहीं मनपा झीलों से पानी का वाष्पीकरण भी तेजी से हो रहा है। ऐसे में मुंबईकरों के लिए ७ झीलों में अब पीने के लिए मात्र एक महीने का पानी ही शेष बचा है। मनपा के अनुसार, लगभग २ लाख एमएलडी पानी ही झीलों में शेष रह गया है। इससे एक महीने तक बिना बाधा के मुंबईकरों को पानी की आपूर्ति हो सकेगी। मनपा के अनुसार, अगर मानसून समय से आ जाता है तो पानी कटौती की नौबत नहीं आएगी और यदि मानसून आने में देरी हुई तो पानी कटौती तय है। बता दें कि मनपा ने झीलों में पानी बचत के लिए योजना भी बनाई। ७ झीलों में फिलहाल, १४ प्रतिशत पानी बचा हुआ है। सातों झीलों में पानी स्टोरेज की कुल क्षमता १४ लाख एमएलडी है, जिससे मुंबईकरों के लिए वर्षभर पानी सप्लाई होती है। मुंबईकरों को रोजाना ३,७५० एमएलडी पानी सप्लाई होती है, जबकि वास्तव में मुंबईकरों के लिए ४,२०० एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। सात झीलों में जल स्टोरेज पिछले तीन वर्षों में अपने निम्नतम स्तर तक गिर गया है। मंगलवार को सात झीलों में कुल जल भंडार स्तर १५ प्रतिशत हो गया। २०२२ में, २३ मई को जल भंडार २१.१ प्रतिशत था, जबकि २०२१ में यह लगभग १७.०६ प्रतिशत था। मनपा अधिकारियों ने कहा कि जून में जल स्तर २० प्रतिशत से नीचे गिर जाने के बाद पिछले साल मुंबई में १५ प्रतिशत पानी की कटौती लागू की थी। यहां अभी से यह १५ प्रतिशत के आस–पास है। लेकिन इस वर्ष मानसून को समय से आने की संभावना है।












































## असल में असली नहीं है

चाहे कोई भी फिल्म हो या सीरीज, बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अपने हर किरदार में जान फूंक देती हैं। बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड में भी प्रियंका ने अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। लेकिन हमेशा खुशदिल रहनेवाली एक्ट्रेस का इन दिनों हाल थोड़ा बुरा है। अपनी खूबसूरत अदाओं से फैंस को घायल करनेवाली एक्ट्रेस प्रियंका इन दिनों खुद घायल हो गई हैं। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस ने कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसे देखकर उनके फैंस टेंशन में आ गए हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका के माथे और नाक से खून निकल रहा है। वैसे डरिए मत! ये असल में असली नहीं है बल्कि उन्होंने अपनी शूटिंग की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। एक्ट्रेस ने बीते गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह सिटाडेल के सेट पर एक्शन करती हुईं नजर आ रही हैं। इसके बाद अब क्वांटिको एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक कोलाज पिक्चर शेयर की है। पहली तस्वीर में एक्ट्रेस की नाक से खून निकल रहा है और उनका पूरा चिन खून से सना हुआ है, तो वहीं दूसरी तस्वीर में एक्ट्रेस के सिर से खून बह रहा है। दो अन्य तस्वीरों में उनकी आंख के नीचे चोट लगी हुई है। प्रियंका की ये सभी तस्वीरें उनकी अमेजन प्राइम वीडियो सीरीज सिटाडेल के सेट की हैं, जिसको एक्ट्रेस पूरी तरह से एन्जॉय करती हुईं नजर आ रही हैं।



## फिट एंड फाइन

गौहर खान और जैद दरबार इन दिनों पेरेंट्सहुड एन्जॉय कर रहे हैं। लेकिन क्या आपको पता है डिलिवरी के महज १० दिनों के बाद ही मां बनी गौहर ने करीबन १० किलो वजन घटा लिया है। इस बात की जानकारी खुद एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर दी। इसके साथ ही कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक मिरर सेल्फी भी शेयर की है, जिसमें वो पोस्ट डिलिवरी काफी ज्यादा फिट लग रही हैं। बता दें कि गौहर ने १० मई को बेटे को जन्म दिया था। गौहर ने अपनी नई फोटो शेयर की है, जिसमें वह डिलिवरी के बाद अपने पुराने फिगर में नजर आ रही हैं और बिलकुल फिट एंड फाइन लग रही हैं।





## बेबी, तुझे पाप लगेगा : !

नहीं..नहीं..ऐसा हम सारा अली खान को नहीं कह रहे हैं कि उन्हें पाप लगेगा: बल्कि ऐसा तो उनके को-स्टार विकी कौशल कह रहे हैं: लेकिन वह भी बड़े प्यार से। दरअसल, दोनों की फिल्म ॐजरा हटके, जरा बचके का नया गाना हाल ही में रिलीज हुआ है। बता दें कि यह गाना ॐबेबी तुझे पाप लगेगा बेवफाई का नया एंथम बननेवाला है। गाने में सारा और विकी झूम-झूमकर नाच रहे हैं और अपने सुपर देसी मूव्स की कुछ झलक दिखा रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर नजर आने वाली है। जहां इसके दमदार बीट्स और मसाला लिरिक्स पूरी तरह से धमाकेदार हैं, वहीं गायक हिमेश रेशमिया के सिग्नेचर वोकल्स, ट्रैक इस गाने को और भी अट्रैक्टिव बना रहे हैं। गाने की फंकी कोरियोग्राफी भी एक बड़ा आकर्षण माना जा रहा है।

# जयेश पुजारी को बनना था दूसरा दाऊद! डी गैंग, लश्कर-ए-तोयबा और पीएफआई से था संपर्क में, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांगी थी रंगदारी

**जेकेएस संवाददाता**


मुंबई : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धमकी देनेवाले जयेश पुजारी को लेकर एक नई चौंकानेवाली जानकारी सामने आई है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा की हत्या का मास्टरमाइंड जयेश पुजारी ही था। नागपुर पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं, जयेश पुजारी ने कर्नाटक के कुछ शहरों में आतंकी नेटवर्क खड़ा कर रखा था। वह डी गैंग, लश्कर-ए-तैयबा और पीएफआई के संपर्क में था। जयेश दूसरा दाऊद बनने की चाह रखता था, इसीलिए अपने गिरोह को बढ़ाने के साथ ही लोगों को धमकी देने का काम शुरू कर दिया था। इस मामले में अब एनआईए ने जांच शुरू कर दी है। एनआईए ने गुरुवार शाम को उसे नागपुर पुलिस से अपने कब्जे में ले लिया है। बता दें कि पिछले महीने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर संपर्क कार्यालय में एक धमकी भरा फोन आया था, जहां रंगदारी मांगी गई थी। साथ ही एक मोबाइल नंबर भी दिया था। एक बैंक अकाउंट नंबर भी दिया था और उस बैंक खाते में पैसे डालने की बात कही गई थी। इस मामले में नागपुर पुलिस ने जयेश पुजारी को कर्नाटक से हिरासत में लिया था। इससे पहले भी उसने नितिन गडकरी को धमकी दी थी। दिलचस्प बात यह है कि पुजारी जेल में था, तब उसके नाम से एक धमकी भरा फोन आया तो सब तरफ सनसनी मच गई थी। जांच में सामने आया है कि जयेश के दाऊद इब्राहिम गिरोह से सीधे संबंध थे। कर्नाटक की बेलगाम जेल में रहते हुए वह दाऊद गिरोह के सदस्य मृदुल यूसुफ और राशिद मलबारी के संपर्क में आया। पॉपुलर फ्रँट ऑफ इंडिया का सचिव अफसर पाशा भी बेलगाम जेल में अपनी सजा काट रहा था। उसने धर्मांतरित मुस्लिम जयेश उर्फ सलीम शहीर को अपने जाल में फंसा लिया। जयेश प्रतिबंधित संगठनों के अन्य सदस्यों के जरिए असम गया था। वहां उसे और उसके साथियों को हथियार और बम बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सूत्रों ने जानकारी दी है कि जयेश के खिलाफ यूएपीए के तहत ही मामला दर्ज किया गया है।



# पालघर में दो बार कांपी धरती

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई: महाराष्ट्र के पालघर जलि में शुक्रवार देर शाम दो बार भूकंप आया। १८ मनिट के अंतराल पर आए भूकंप की तीव्रता रक्टिर स्केल पर ३.५ मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने यह जानकारी दी है। भूकंप से अभी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इससे पहले जनवरी में महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में ३.६ तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कमिहाराष्ट्र के पालघर में शुक्रवार शाम ५:१५ बजे पहला भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर ३.५ मापी गई। इसके ठीक १८ मनिट पर यानी पांच बजकर २८ मनिट पर एक और झटका महसूस कयिा गया। इसकी तीव्रता रक्टिर स्केल पर ३.३ मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबकि, भूकंप का केंद्र आठ कलिोमीटर की गहराई में था। भूकंप से कसिी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मलिा है। ८ जनवरी को महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में ३.६ तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए थे। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने ट्वीट किया था कि भूकंप के झटके सुबह साढे.चार बजे महसूस किए गए और भूकंप जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। हिंगोली, लातूर जिले के किल्लारी से करीब २५० किलोमीटर दूर है। लातूर में ३० सितंबर १९९३ को आए विनाशकारी भूकंप में करीब १०,००० लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे।






## स्वातंत्र्यवीर वि. कोंकण भवन में मनाई गई सावरकर की जयंती

नवी मुंबई : स्वातंत्र्यवीर वि. दा. सावरकर की १४०वीं जयंती के अवसर पर कोंकण भवन में उनके पुतले पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सावरकर एक स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, मराठी कवि और लेखक थे। वह एक हिंदू दार्शनिक भी थे, और भाषाशुद्धि और लिपिशुद्धि आंदोलनों के अग्रणी थे। वी. दा. सावरकर ने भारत में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का वर्णन करते हुए एक ऐतिहासिक पुस्तक लिखी। इसे ध१८५७ का स्वतंत्रता समर कहा जाता था।

## समृद्धि महामार्ग के दूसरे चरण का उद्घाटन !

मुंबई, पिछले साल मुंबई नागपुर समृद्धि हाईवे के पहले फेज का उद्घाटन ११ दिसंबर को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इस हाईवे पर कुछ महीनों में ही १,००० से ज्यादा एक्सीडेंट हो चुके हैं। चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को शिंदे सरकार द्वारा समृद्धि महामार्ग के दूसरे फेज का उद्घाटन किया गया। हालांकि, यह मार्ग अभी भी पूर्ण रूप से यातायात के लिए योग्य व सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। मुंबई से नागपुर को जोड़नेवाले समृद्धि महामार्ग के ५२० किमी लंबे पहले फेज का उद्घाटन पहले ही हो चुका है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिंदे द्वारा इस मार्ग के दूसरे फेज का उद्घाटन किया गया, जो कि अभी पूर्ण रूप से तैयार भी नहीं है। इस मार्ग पर यात्रा करनेवाले यात्रियों और वाहनों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। दूसरे फेज में बने इस ८० किमी के मार्ग पर पेट्रोल पंप अभी भी अंडर कंस्ट्रक्शन है, इसके अलावा रिफ्रेंशमेंट और स्टॉप की कोई व्यवस्था नहीं है। पहले फेज की तरह वॉशरूम जैसी सुविधाओं का अभाव है।

## युवक की हत्या के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार, एक नाबालिग भी हिरासत में

पालघर : महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में कैंची घोंपकर युवक की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके १६ वर्षीय बेटे को हिरासत में लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। वलीव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक कैलास बर्वे ने बताया कि बृहस्पतिवार रात पिता-पुत्र ने २१ वर्षीय अंकित शाह पर कैंची से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना वाकड पाडा में हुई और पुलिस ने बाद में पीडित के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। बर्वे ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## अंग प्रदर्शन करने वाले कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं

मुंबई, अब आप जैसे चाहें वैसे कपड़े पहनकर महाराष्ट्र के मंदिरों में नहीं जा सकते। कुछ विशेष कपड़ों का महाराष्ट्र मंदिर महासंघ ने कड़ा विरोध किया है, जिसकी शुरुआत उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह जिला नागपुर से हुई है। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के समन्वयक सुनिल घनवट ने बताया कि महाराष्ट्र मंदिर महासंघ की परिषद संपन्न हुई। इस परिषद में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। परिषद में मंदिर का सुव्यवस्थापन, स्वच्छता, पवित्रता और वस्त्र संहिता यानी ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया गया है। महाराष्ट्र के अनेक विश्वस्तों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। अब नागपुर के श्री गोपाल कृष्ण मंदिर में ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। ड्रेस कोड के अनुसार फटी जींस, स्कर्ट और अंग प्रदर्शन करने वाले कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं किया जा सकता है। नागपुर के बाद पूरे राज्य में यह फैसला लिया जा रहा है। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ ने ड्रेस कोड के पैंसले की घोषणा की है।

## पोस्टर नया, लुक पुराना

पिछले कई दिनों से सुर्खियां बटोरनेवाली आलिया भट्ट और रणवीर



सिंह की अपकमिंग फिल्म ॐरॉकी और रानी की लवस्टोरी का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। हालांकि, फैंस लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। लेकिन फिल्म के नए पोस्टर में आलिया और रणवीर का लुक पुराना ही नजर आया। हालांकि, फैंस को उम्मीद थी कि दोनों कुछ हटके अंदाज में नजर आएंगे। लेकिन दोनों के लुक में कुछ नया नजर नहीं आया। पोस्टर आते ही सबकुछ टांय-टांय फिश हो गया..! रणवीर के लुक की बात करें तो रणवीर वेस्टर्न और फंकी लुक में नजर आए, तो वहीं आलिया साड़ी पहने नजर आईं। दोनों के लुक से तो यही कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया देसी गर्ल और रणवीर बैड बॉय की इमेज में नजर आएंगे। बता दें कि एक्ट्रेस रानी और एक्टर रॉकी का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म २८ जुलाई को रिलीज होगी।


**मिरा-भाईंदर महानगरपालिका**

स्व. इंदिरा गांधी भवन, मुख्य कार्यालय, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग, भाईंदर (प.) ता. जि. ठाणे, ४०१ १०१

**महिला व बालकल्याण विभाग**

जा. क्र. मनपा/मबावि / ४० / २०२३ - २४ दिनांक : २२/५/२०२३

**// जाहिर फेर-निविदा //**

**महिला व बालकल्याण विभागामार्फत सन 2022-23 या वर्षामध्ये केलेल्या उल्लेखनिय कामे व विविध योजना इ. बाबतची महिती पुस्तिका छपाई (कलर) करणेकामी (अंदाजित खर्च रु.१,५०,०००/-) मिरा भाईंदर महानगरपालिकेच्या ई-टेंडरिंग वेबसाइट www.mbmc.gov.in Off-line पध्दतीने इच्छुक अनुभवी ठेकेदाराकडून बी-१ नमुन्यात निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदरकामी अधिक माहिती महानगरपालिका महिला व बालकल्याण विभागात दि. २३/०५/२०२३ रोजी पासून उपलब्ध होईल. तसेच भरलेल्या निविदा दि. २९/०५/२०२३ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत महिला व बालकल्याण विभागात स्विकारण्यात येतील. सदरकामी निविदा फॉर्म फी रु.१००+ जी.एस.टी १८% असे एकूण रक्कम रु.११८/- व इसारा रक्कम रु.१,०००/- रोखीने दि. २९/०५/२०२३ रोजी दु. ३.०० वाजेपर्यंत भरुन त्याची पावती निविदा दरपत्रका सोबत जोडणे बंधनकारक राहिल.**

**सदर निविदा शक्यतो त्याच दिवशी आवश्यक त्या कागदपत्राची पुर्तता केली असल्यास उघडण्यात येतील. सदरकामी निविदा मंजुर होताच आदेशानुसार त्वरीत काम करावे लागेल. तसेच कोणतेही कारण न देता एक निविदा स्विकारण्याचा अथवा सर्व निविदा नाकारण्याचा अधिकार मा आयुक्त सो. यांनी राखून ठेवला आहे.**

सही/-
कल्पिता पिंपळे
उपायुक्त
महिला व बालकल्याण विभाग
मिरा-भाईंदर महानगरपालिका

जा. क्र. मनपा/मावज/ १३० / २०२३-२४
दि. २२/०५/२०२३
ठिकाण : भाईंदर



**ठाणे महानगरपालिका, ठाणे**

**नगर पथविक्रेता समितीवर सदस्यत्वासाठी जाहिरात**

केंद्र शासनाने फेरीवाल्यांसाठी पारित केलेल्या "पथ विक्रेता (उपजीविका संरक्षण व पथविक्री विनियमन) अधिनियम,२०१४" (२०१४ चा ७) चे कलम ३६(१) मधील तरतुदीनुसार राज्य शासनाने **"महाराष्ट्र पथविक्रेता (उपजीविका संरक्षण व पथविक्री विनियमन) (महाराष्ट्र) नियम, २०१६"** तयार केले असून दि.३ ऑगस्ट २०१६ च्या राजपत्रात प्रसिध्द केले आहे. सदर नियमाच्या नियम ११ मधील तरतुदीनुसार ठाणे महानगरपालिका क्षेत्रासाठी नगर पथविक्रेता समिती स्थापन करणेबाबत शासनाचे निर्देश प्राप्त आहेत.

"महाराष्ट्र पथविक्रेता (उपजीविका संरक्षण व पथविक्री विनियमन) (महाराष्ट्र) नियम, २०१६" मधील नियम ११ (२) (ख) (दोन) ते (पाच) यामध्ये विनिर्दिष्ट केलेल्या प्रवर्गातील संघटनांचे प्रतिनिधीत्व करणाऱ्या व्यक्तीची नगर पथविक्रेता समितीवर सदस्य म्हणून नेमणूक नियम १२ मध्ये घालून देण्यात आलेल्या निकषाच्या आधारावर करण्यासाठी खालील प्रमाणे नमुद संघटनांचे प्रतिनिधीत्व करणाऱ्या व्यक्तींकडून अर्ज मागविण्यात येत आहेत.

| नियम | इतर मंडळे | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| ११ (२) ख. | (दोन) अशासकीय संघटना आणि समुदाय आधारित संघटना | ०२ |
| | (तीन) निवासी कल्याण संघ | ०२ |
| | (चार) व्यापारी संघाचा प्रतिनिधी | ०१ |
| | (पाच) पणन संघाचा प्रतिनिधी | ०१ |

**नियम १२ नुसार सदस्यत्वासाठी अर्ज करण्यासाठीच्या अटी / शर्ती खालील प्रमाणे-**

१) संघटनेची किंवा संघाची नोंदणी, क्षेत्रातील सक्षम प्राधिकरणाकडे केलेली असावी.
२) संघटना किंवा संघ मागील तीन वर्षाचे सक्षम प्राधिकरणाकडून तयार करण्यात आलेले लेखापरीक्षा अहवाल सादर करील.
३) संघटनेस किंवा संघास स्थानिक प्राधिकरणाने काळया यादीत टाकलेले नाही याबाबतचे सत्यप्रतिज्ञापत्र सादर करावे.
४) संघटना किंवा संघ त्या त्या वेळी अंमलात असलेल्या कोणत्याही कायद्यान्वये सिध्ददोषी नसल्याबाबतचे सत्यप्रतिज्ञापत्र सादर करावे.
५) संघटना किंवा संघ यांना त्यांनी सक्षम प्राधिकरणाकडे नोंदणी केल्याच्या त्यांच्या प्रवर्गामधील कामाचा किमान पाच वर्षाचा अनुभव असावा.

वरिलप्रमाणे अटी / शर्तींची पुर्तता करणाऱ्या संघटनेचे प्रतिनिधीत्व करणाऱ्या व्यक्तींनी आयुक्त, ठाणे महानगरपालिका, ठाणे यांचे नांवे प्रशासकीय भवन येथील नागरी सुविधा केंद्र, तळमजला, पाचपाखाडी, चंदनवाडी, ठाणे (प.) येथे ही जाहिरात प्रसिध्द झाल्याच्या तारखेपासून १५ दिवसाचे आत आवश्यक कागदपत्रासह लेखी अर्ज सादर करावेत. विहीत मुदतीनंतर आलेल्या व अपुर्ण कागदपत्रासह सादर केलेल्या अर्जाचा विचार केला जाणार नाही, याची नोंद घ्यावी.

ठामपा/पिआरओ/अ.नि.नि.वि/१८४/२०२३-२४
दि:२२.०५.२०२३
*plsvisitourofficialweb-site*
*www.thanecity.gov.in*

सही/-
महापालिका आयुक्त तथा अध्यक्ष
नगर पथ विक्रेता समिती
ठाणे महानगरपालिका,ठाणे

**महापालिकेचा मालमत्ता कर Google pay, PhonePe, Paytm, Bhim App द्वारे जमा करण्याची सुविधा उपलब्ध**

# रेलवे स्टेशनों पर जनता को मिली राहत



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, भायंदर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित एस्केलेटर और शौचालय का लोकार्पण शनिवार को सांसद राजन विचारे (शिवसेना यूबीटी) के हाथों संपन्न हुआ. भायंदर पश्चिम के बालाजी नगर परिसर में यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए एस्केलेटर और शौचालय को शनिवार से यात्रियों के लिए शुरू कर दिया गया है. सांसद विचारे के प्रयासों से नया पैदल पुल बनाया गया था, लेकिन इसे जोडऩे वाली स्लाइडिंग सीढी (एस्केलेटर) का काम अधूरा था. जिससे यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए यह पैदल पुल पहले ही शुरू किया गया था. साथ ही इसे जोडऩे वाले एस्केलेटर के काम में तेजी लाने के लिए पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के समक्ष बार-बार इस मुद्दे को उठाया था. काम पूर्ण होने के बाद शनिवार को इस ६ एस्केलेटर का लोकार्पण किया गया. इससे पूर्व सांसद विचारे के प्रयासों से अब तक भायंदर रेलवे स्टेशन पर ५ एस्केलेटर शुरू किए गए हैं. पैदल पुल को नए एस्केलेटर और ३ लिफ्ट के साथ जोडा जाएगा और एमआरवीसी के माध्यम से बोरीवली की तर्ज पर मिरारोड और भायंदर रेलवे स्टेशनों के डेक स्तर पर एक प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाएगा. सांसद विचारे ने कहा कि मीरा रोड रेलवे स्टेशन का पहला चरण शुरू हो गया है. बालाजी नगर की ओर प्लेटफॉर्म नंबर एक व दो पर शौचालय नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड.रहा था. सांसद राजन विचारे, पश्चिम रेलवे (एईएन) राजेश शर्मा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा, स्टेशन मास्टर भारती रजवंत सहित शिवसेना (यूबीटी) मधुकर देशमुख, प्रवक्ता अनीश गढव़े, पूर्व नगरसेवक रोहिदास पाटील, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, लक्ष्मण जंगम, धनेश पाटिल, पवन घरत, युवती सेना की आकांक्षा वीरकर, तमाम शिवसैनिक व वेस्टर्न रेलवे पैसेंजर एसोसिएशन के कमलेश शाह व नागरिक बडी संख्या में मौजूद थे.

# सनातन के पतन का कारण वर्ण जाति के बीच अंतर का अज्ञान

मीरा रोड, मीरा रोड के शांतिगार्डन इलाके में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में अडग़डानंद महाराज के शिष्य राजेश्वरानंद महाराज ने भारत मे वर्ण और जाति व्यवस्था को लेकर अपने विचार रखे. स्वामी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में किस तरह से इतिहास को तोड.मरोडक़र और कुछ तथाकथित मनु स्मृतियों के जरिये सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाया गया. जबकि गीता में साफ तौर पर वर्ण को साधक और उसकी साधना के आधार पर परिभाषित किया गया है, लेकिन आधुनिक समाज में उसे व्यक्ति के कर्म यानी काम से कर गया जोडक़र जाति में तब्दील कर दिया गया. राजनीतिक फायदे के लिए लगातार लोग इसी जाति पैमाने को इस्तेमाल करते हैं, जबकि ऐसी कोई व्यवस्था बनी ही नहीं थी. यही कारण है कि पूरे विश्व में फैला सनातन नाम पर अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे लोगों ने डर और लालच के चक्कर मे दूसरे धर्मों का दामन थाम लिया. इसकी सबसे बडी वजह अज्ञान रही, क्योंकि विश्व में सबसे ज्यादा पढी गई हमारे महाग्रंथ गीता का मर्म लोग ना तो समझ पाए और ना बेहतर तरीके से समझा पाए. इस प्रवचन का आयोजन सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक संस्था जलधारा के संयुक्त प्रयास से किया गया था, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. कार्यक्रम में मीरा-भायंदर भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट. रवि व्यास, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दरोगा पांडेय, मीडिया प्रभारी भरत मिश्र, विश्व हिंदू परिषद के नेता सुरेंद्र पांडेय और पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.



# इरफान पठान ने किया नमक विभाग की जगह पर कब्जा



नमक विभाग की जगह पर कब्जा करने वाले विकासक इरफान पठान पर तीसरी बार तोडक कार्यवाही होने जा रही है यह आश्वासन नमक विभाग के अधिकारी ने शिकायत कर्ता को दिया है तथा अधिकारी ने कहा की विकासक इरफान पठान पर साल्ट एक्ट के तहत पुलिस में भी गुनाह दर्ज किया जाएगा । मिली जानकारी के अनुसार शिमला गल्ली न ३ , लास्ट में खाली पडी नमक की जगह पर कब्जा करके बनाई गई रुम जिसे दो बार तोडा गया था नमक विभाग के पुर्व उप अधीक्षक अग्रवाल और उप अधीक्षक जाधव ने भी तोडक कार्यवाही की थी फिर भी तीसरी बार गणेश देवल नगर में अवैध बाधकाम करके पुन: बनाया गया इस संबंध में कई लोगों ने शिकायत की लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हुई इसलिए शिकायत कर्ता ने बताया कि अगर फिर से तोडक कार्यवाही नहीं हुई तो वह मजबूर होकर धरने पर बैठेगे ।

# मनपा ने २३० मकानों का कब्जा अपने नाम कर लिया

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर मनपा की 'अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम' के तहत एक बिल्डर द्वारा निर्मित २३० फ्लैटों की ईमारत मनपा को हस्तांतरित कर दिया गया है। विगत कुछ माह से विधायक प्रताप सरनाईक इस इमारत को हस्तांतरित करने के लिए प्रयासरत थे। अब शहर के विकास के दौरान प्रभावित हुए नागरिकों को उनके हक आवास प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य सरकार की 'अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम' के तहत निर्मित आवासों को मनपा द्वारा अपने कब्जे में लिया जाए और विभिन्न इमारतों के सुविधा भूखंडों को अपने कब्जे में लेकर विकसित किया जाए, ऐसी मांग सरनाईक ने की थी। उन्होंने मनपा आयुक्त से कहा था कि जब तक बिल्डर इमारत मनपा को हस्तांतरित नहीं करता । तब तक उसे (इमारत रहने योग्य प्रमाणपत्र) ओ सी नहीं दिया जाना चाहिए। आखिरकार महाजनवाडी में २३० फ्लैट को बिल्डर ने मनपा को हस्तांतरित कर दिया है।राज्य सरकार ने मीरा महाजनवाडी में सस्ती आवास योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में बिल्डिंग निर्माण करने पर बिल्डर को ज्यादा एफएसआई (चटाई क्षेत्र) दिया गया है। योजना के अनुसार बिल्डर निर्माण पूरा करेगा और प्राप्त अनुमति के अनुसार अपने हिस्से के मकानों को बेच देगा तथा अफोर्डेबल हाउसिंग यूनिट्स के फ्लैटों का निर्माण कर उन्हें मनपा को हस्तांतरित कर देगा। इस योजना में बिल्डर द्वारा प्राप्त एफएसआई के अनुसार बिल्डर ने २ इमारतों का निर्माण कर विक्री की है, इसलिए योजना की शर्तों के अनुसार १ इमारत (२३० फ्लैट) का निर्माण कर मनपा को ताला - चाभी के साथ हस्तांतरित किया है। मीरा भायंदर शहर में कई विकास कार्य चल रहे हैं। सडक़ विस्तारीकरण या अन्य विकास कार्य करने से नागरिक प्रभावित होते हैं। ऐसे नागरिकों को उनके पुनर्वास के लिए मकानों का वाजिब मालिकाना हक दिया जा सकेगा। मनपा ने २३० मकानों का कब्जा अपने नाम कर लिया है। जो नागरिक शहर के विकास का समर्थन करते हैं और जो विकास से प्रभावित हैं, उन्हें अच्छे स्वामित्व और स्थायी अधिकारों वाले घर मिलने चाहिए। जैसे-जैसे शहर का विकास हो रहा है, कोई भी नागरिक विस्थापित न हो, उसका समुचित पुनर्वास हो, इसलिए मनपा को हस्तांतरित किए गए २३० फ्लैट बहुत महत्वपूर्ण हैं .



# पूर्व नगरसेवक का अवैध निर्माण

## मीरारोड रेलवे स्टेशन के सामने रिपेरिंग के नाम पर आरसीसी का पक्का काम

मीरारोड : मिरा भाईंदर में अवैध निर्माण धडल्ले से चालू है. यह अवैध निर्माण राजनेताओं व मनपा अधिकारी की छत्रछाया में होता है. हाल ही में मीरारोड रेलवे स्टेशन के सामने रिपेरिंग के नाम पर आसीसी का पक्का काम किया जा रहा है. क्या इस पर मनपा अधिकारियों की नजर नहीं है. या नजरअंदाज किया जा रहा है. ऐसे अवैध निर्माणों पर मनपा क्यों नहीं कारवाई कर रही है. मिरा भाईंदर में अवैध निर्माण माफियाओं का हटाओ ऐसा जनता की मांग है

# मनपा ने कुछ जगह कलस्टर योजना लागू नहीं करेगी

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा - भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत पुराने गांव, गांवठन, कोलीवाडा व आदिवासी पाडा की संस्कृति तथा विभिन्नता को जतन करने के लिए इन्हें क्लस्टर योजना में शामिल नहीं किया है। इस योजना के लिए बनाए गए प्रारूप (नक्शा) में इन क्षेत्रों का समावेश नहीं किया गया है। आयुक्त - प्रशासक दिलीप ढोले ने मनपा क्षेत्र के नागरिकों, भूमिपुत्रों, आगरी कोली समाज बंधुओं से आवाहन किया है कि उपरोक्त क्षेत्रों में समूह विकास योजना (क्लस्टर) लागू नहीं की गई है, इसलिए इस विषय में किसी संभ्रम में नहीं रहें। मीरा - भायंदर मनपा क्षेत्र के जर्जर , धोखादायक, खतरनाक और अवैध इमारतों के सामूहिक पुनर्विकास हेतु समूह विकास योजना (क्लस्टर) लागू की गई है। मनपा की तरफ से इस योजना के तहत २४ क्लस्टर प्रारूप तैयार किया गया है। जिसे राज्य सरकार के राजपत्र में भी प्रकाशित की गई है। साथ ही शहर के नागरिकों की जानकारी के लिए तैयार की गई क्लस्टर प्रारूप को मनपा मुख्यालय, नगर रचना विभाग और सभी ६ प्रभाग समिति कार्यालय में अवलोकन के लिए रखी गई है, ऐसी जानकारी मनपा के जन संपर्क अधिकारी राज घरत ने दी है। बता दें कि मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र में पिछले कुछ दशकों से बढत़ी जनसंख्या, घरों की कमी और सस्ते घरों के अभाव के कारण बडे.पैमाने पर अवैध इमारतों, झुग्गी-झोपडिय़ों और चालीयों का निर्माण हुआ है। मनपा क्षेत्र के विद्यमान जीर्ण-शीर्ण, अवैध, खतरनाक एवं जो इमारत अब रहने योग्य नहीं हैं, उनको टाउनशीप ध की तर्ज पर पुनर्विकास के उद्देश्य से अर्बन रिन्यूअल स्कीम के तहत समूह विकास योजना लागू की गई है। हाल ही में इस योजना से स्थानीय पुराने गांव, आदिवासी और कोलीवाडा क्षेत्र को अलग रखने की मांग सांसद राजन विचारे, विधायक प्रताप सरनाईक और गीता जैन ने की थी।

# मनपा और नमक विभाग के बीच कसमकस, क्रिकेट प्रेमियों में निराशा

भायंदर : मुंबई से सटे मीरा-भायंदर शहर का विकास पिछले २५ वर्षों में बहुत तेजी से हुआ है। आज इस शहर की आवादी लगभग १३ से १५ लाख के बीच है। तेजी से विकसित हो रहे इस शहर में एक अंतरराष्ट्रीय खेल का मैदान बनाने के प्रयास पिछले २३ वर्षों से जारी हैं, लेकिन खेल का मैदान बनाने की योजना मीरा-भायंदर महानगरपालिका व नमक विभाग के बीच पिस रही है। गौरतलब है कि भायंदर-पश्चिम में खेल के मैदान के लिए एक भूखंड आरक्षित है, जिसका आरक्षण क्रमांक-९१ है। इसका क्षेत्रफल १८ एकड़ है, लेकिन यह भूखंड नमक विभाग के आधीन है। इस भूखंड को मीरा-भायंदर मनपा प्रशासन को सुपुर्द किया जाए, ऐसी मांग मनपा प्रशासन ने राज्य शासन के माध्यम से केंद्र के नमक विभाग से ७ जनवरी २०१५ की थी। इस मामले में मनपा सार्वजनिक बांधकाम विभाग के शहर अभियंता दीपक खंबित का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय खेल का मैदान बनने की जगह नमक विभग के अधीन है। भूखंड मनपा प्रशासन को हस्तांतरित किया जाए। इसके लिए मनपा प्रशासन जरूरी दस्तावेज नमक विभाग को भेज कर भूखंड मनपा को हस्तांतरित करने की मांग कर चुका है। नमक विभाग की उदासीनता के चलते आज तक इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया है, जिसके कारण पिछले ७ वर्षों से यह मामला ठंडे वस्ते में पड़ा हुआ है। खेल मैदान का निर्माण लटकने से क्रिकेट खेल प्रेमियों में निराशा छाई हुई है।

# राशनिंग ऑफिस की हालत जर्जर, मेट्रो के चक्कर में तोड गई दिवार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, मीरा भायंदर शहर के करीब १४ लाख आबादी के लिए भायंदर पूर्व और पश्चिम को जोडऩे वाले फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे भायंदर का एक मात्र राशन कार्यालय बना हुआ है. इस राशन कार्यालय की दीवार को मेट्रो के कार्य की वजह से अस्थाई रूप से तोडा गया था, जिसे अभी तक नहीं बनाया गया है और पतरे का दीवार बनाकर कार्यालय की सुरक्षा की जा रही है. यहां कार्यालय में रखे दस्तावेज व शहर के नागरिकों के कागजात की सुरक्षा खतरे में पड.गई है. बता दें कि भायंदर पूर्व में फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे बने राशन कार्यालय की एक दीवार को मेट्रो के गर्डर को खंभों पर चढाने वाली मशीन के लिए जगह की आवश्यकता होने के कारण तोडा गया था. २३ से २८ मार्च के दौरान चले इस कार्य के बाद पतरे की अस्थाई दीवार खडी की गई है. दूसरी तरफ कार्यालय का प्रवेश द्वार है. बताया जा रहा है कि दीवार तोडऩे के बाद कार्यालय की सुरक्षा के लिए वहां दो सुरक्षा रक्षक तैनात किए गए हैं. प्रत्यक्ष में गर्डर का कार्य पूर्ण होने के बाद सुरक्षा रक्षक हटा देने की बात स्थानीय नागरिकों ने बताई है. जबकि गर्डर का काम १० से १५ दिनों में पूर्ण करने के बाद कार्यालय की दीवार को पूरा बनाकर देने का आश्वासन ठेकेदार ने दिया था, लेकिन अभी तक कार्यालय की दीवार नहीं बनाई गई है. पतरे की दीवार की वजह से कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों और वहां आने वाले नागरिकों को भी दिक्कत का सामना करना पड.रहा है. कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी होने या आग लगने का भय भी रेशनिंग अधिकारी राजेंद्र जाधव ने व्यक्ति की है.



# वॉकहार्ट अस्पताल के सर्जन इमरान शेख ने बचाई युवक की जान

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मुंबई सडक दुर्घटना में लीवर पर गंभीर चोट लगनेवाले २५ वर्षीय युवक की जान बचाने में डॉक्टरों को सफलता हासिल हुई हैं। मिरारोड के वॉक्हार्ट अस्पताल के जीआई सलाहकार और एचपीबी सर्जन डॉ. इमरान शेख के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने यह इलाज किया हैं। वसई के रहने वाले प्रज्वल का बाइक एक्सीडेंट हुआ था। इस हादसे में एक कार उसके पेट के ऊपर से निकल गई। वह भयानक दर्द में था। असहनीय दर्द के कारण वह बेहोश हो गया। लडक़े का ब्लड प्रेशर बहुत लो था। लडक़े को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेडिकल जांच में लीवर में गंभीर चोट का पता चला। मिरारोड के वॉकहार्ट अस्पताल के जीआई सलाहकार और एचपीबी सर्जन डॉ. इमरान शेख ने कहाँ की, लड़के को आपातकालीन स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लीवर में चोट लगने के कारण ब्लीडिंग होने लगी। बच्चे का ब्लड प्रेशर बहुत लो था। उनकी पल्स रेट १५० बीट प्रति मिनट थी। समय पर इलाज नहीं होता तो उसकी मौत हो सकती थी। उसकी हालत स्थिर करने के लिए उसे चार बोतल खून चढाया गया। परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग के बाद रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए उनकी आपातकालीन सर्जरी की जानी थी। सर्जरी से पहले लीवर का सीटी स्कैन किया गया। इसमें पाया गया कि दाएं लीवर का ६५ फीसदी हिस्सा पूरी तरह खराब हो चुका था। लीवर केवल ३५च कार्य सक्रिय था। ऐसे में तत्काल ऑपरेशन कर लडक़े की जान बचा ली गई है। सर्जरी के बाद मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया था। डिस्चार्ज होने से पहले मरीज को ७ दिनों के लिए वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। स्वास्थ्य में सुधार देखने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ मोनाल शाह ने कहाँ की, मेरा मुख्य लक्ष्य इस मरीज की जान बचाना था। खून ज्यादा बहने के कारण मरीज को चार बोतल खून चढाया गया.



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI